वेबसाइटः www.bankofbaroda.in ईमेल corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/**Place: Mumbai/मुंबई** तारीख/**Date**:-
18.08.2023

प्रेसविज्ञप्ति /Media Release

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने किया 251 नए स्वर्ण ऋण शॉपी का शुभारंभ

अब देश भर में बैंक के स्वर्ण ऋण शॉपी की कुल संख्या कुल 1,238 हो गई है, जो स्वर्ण ऋण कारोबार के विकास को गति दे रहे हैं

मुंबई, अगस्त 18 2023: भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने आज देश भर में 251 नए स्वर्ण ऋण शॉपी के शुभारंभ की घोषणा की। बैंक का स्वर्ण ऋण शॉपी दरअसल बैंक की शाखा में इस सुविधा के लिए खास तौर पर तैयार किया गया एक कक्ष होता है, जहाँ ग्राहकों को केवल स्वर्ण ऋण से संबंधित सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। स्वर्ण ऋण शॉपी ग्राहकों को उनकी निजी जरूरतों के अनुरूप तुरंत सेवा प्रदान करता है, साथ ही उनकी गोपनीयता का भी पूरा ध्यान रखा जाता है। इस शुभारंभ के साथ, अब देश भर में बैंक के स्वर्ण ऋण शॉपी की कुल संख्या कुल 1,238 हो गई है।

बैंक के प्रत्येक स्वर्ण ऋण शॉपी में एक प्रभारी अधिकारी के साथ-साथ आभूषणों की कीमत निर्धारित करने के लिए कम-से-कम दो जांचकर्ता मौजूद होते हैं, ताकि सभी कार्य दिवसों पर आभूषणों के जांच की सेवाएँ उपलब्ध हो सकें। इसके अलावा, प्रभारी अधिकारी के पास अपने विवेक के आधार पर ऋण को मंजूरी देने का अधिकार होता है, जिससे ऋण को तुरंत मंजूरी मिलती है और इस प्रक्रिया को पूरा करने में लगने वाला समय भी काफी कम हो जाता है।

इस अवसर पर **श्री अजय के. खुराना, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा,** ने कहा, “हमें 251 नए स्वर्ण ऋण शॉपी का शुभारंभ करते हुए बेहद खुशी हो रही है। बैंक के स्वर्ण ऋण कारोबार में और तेजी आई है, और हमें पूरा विश्वास है कि हमारे स्वर्ण ऋण शॉपी हमें एक गुणवत्तापूर्ण स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो के विस्तार और निर्माण में मदद करने में अहम भूमिका निभाएंगे। बैंक ऑफ़ बड़ौदा बहुत प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर गोल्ड लोन

की पेशकश कर रहा है, और ग्राहकों को बिना किसी प्रक्रिया शुल्क के 3 लाख रुपये तक की बढ़ी हुई ऋण-सीमा तक ऋण पाने की सुविधा भी है। इसके अलावा, हम इस बात का भी ध्यान रखते हैं कि ग्राहकों को गिरवी रखे गए सोने का सबसे बेहतर मूल्य मिले।"

बैंक की ओर से आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब और हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों में 251 नए स्वर्ण ऋण शॉपी का शुभारंभ किया गया है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:

20 जुलाई, 1908 को सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है। 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है। बैंक पांच महाद्वीपों में 17 देशों में फैले 70,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है। अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है। बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है। यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है। बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है। बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है।

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda